आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 25.11.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट आज शीतकाल के लिए बंद किए जाएंगे।
- केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने उत्तराखण्ड में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत किये गए कार्यों के लंबित भुगतान के लिए 130 करोड़ रुपये जारी किये।
- लखनऊ में 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का शुभारम्भ, उत्तराखंड के 448 स्काउट्स एंड गाइड्स व रोवर–रेंजर्स कर रहे प्रतिभाग।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग ऐजेंसी–जाइका परियोजना का वित्तीय एवं भौतिक प्लान तैयार करने के अधिकारियों को दिए निर्देश।

बदरीनाथ धाम कपाट बंद प्रक्रिया

चमोली ज़िले में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट आज दोपहर 2 बजकर 56 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। इसके साथ ही इस वर्ष की चारधाम यात्रा संपन्न हो जाएगी। धाम के कपाट बंद होने के अवसर पर बड़ी संख्या में तीर्थयात्री बदरीनाथ पहुंच रहे हैं।

कपाट बंद होने के मौके पर बदरीनाथ धाम को करीब 12 टन फूलों से सजाया गया है। इस अवसर का साक्षी बनने के लिये बड़ी संख्या में श्रद्धालु बदरीनाथ पहुंच रहे हैं। गौरतलब है कि बदरीनाथ धाम में 21 नवंबर से पंच पूजाएं शुरू हो गई थीं। गणेश मंदिर, आदि केदारेश्वर और आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी स्थल के कपाट बंद होने के बाद वेद ऋचाओं का वाचन भी बंद हो गया है। सोमवार को माता लक्ष्मी मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना की गई। इस वर्ष चारधाम यात्रा की शुरुआत 30 अप्रैल से हुई थी। केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट पहले ही बंद हो चुके हैं।

इस बार चारधाम यात्रा के लिये उत्तराखंड पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने नया रिकॉर्ड बनाया है। चारधामों में दर्शन करने वालों की संख्या 51 लाख तक पहुंच गई है, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 48 लाख थी। बदरीनाथ धाम में इस वर्ष 16 लाख पचास हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

आकाशवाणी समाचार देहरादून के लिये समाचार कक्ष से अमित सुन्द्रियाल

धनराशि जारी

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने उत्तराखण्ड में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत किये गए कार्यों के लंबित भुगतान के लिए 130 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जारी की है। स्वीकृत धनराशि को पीएमजीएसवाई के 31 मार्च तक बनी देनदारियों के भुगतान के लिए जारी किया गया है। यह स्वीकृति सिर्फ़ 31 दिसम्बर 2025 तक वैध रहेगी। इस धनराशि से केवल उन कार्यों का भुगतान होगा जो 31 मार्च 2025 तक पूरे हो गए हों या फिर उन कार्यों का कुछ भाग जो इस तिथि तक पूरा हो गया हो। प्रदेश को बाकी हिस्सा सिर्फ़ राज्य मद से पूरा करना होगा। पीएमजीएसवाई–1 के अंतर्गत कुल 384 योजनाओं का भुगतान होना है, जिनमें से 212 सड़कें और 172 पुल शामिल हैं।

हनोल मास्टर प्लान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड में सांस्कृतिक पुनर्जागरण के लिए व्यापक कार्य चल रहे हैं। जौनसार बावर क्षेत्र के प्रसिद्ध हनोल मंदिर का 120 करोड़ का विशेष मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत इस आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल का संरक्षण व विकास किया जाएगा। यह बात उन्होंने लाखामंडल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। पिछले साढ़े चार वर्षों में 26,000 से अधिक युवाओं को पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ सरकारी नौकरियों में चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि "यह नौकरियाँ पूरी तरह मेरिट और प्रतिभा के आधार पर दी गई हैं।" सरकार ने लैंड जिहाद, थूक जिहाद, लव जिहाद और जबरदस्ती धर्मांतरण जैसी गतिविधियों पर सख्त रोक लगा दी है। राज्य सरकार राज्य की डेमोग्राफी और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

राज्यपाल ने प्रतिभाग किया

हिंद की चादर–गुरु तेग बहादुर की 350 वीं शहादत स्मृति दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने हरिद्वार में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभाग किया गया। गुरु तेग बहादुर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए और गुरु परंपरा को नमन करते हुए राज्यपाल ने कहा कि गुरु तेग बहादुर की शहादत हमें यह संदेश देती है कि भारत माता की रक्षा के लिए हंसते–हंसते सब कुछ अर्पित कर देना ही सच्चा धर्म, सच्चा कर्म और सच्चा राष्ट्र धर्म है। राज्यपाल ने कहा कि सिख गुरु परंपरा ने धर्म, समाज और राष्ट्रवाद की परंपरा को ऊंचा किया।

राष्ट्रीय जम्बूरी

लखनऊ में 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी भारत स्काउट्स एंड गाइड्स का शुभारम्भ हुआ। 29 नवम्बर तक चलने वाले इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में उत्तराखंड के 448 स्काउट्स और गाइड्स व रोवर–रेंजर्स हिस्सा ले रहे हैं। 'विकसित युवा, विकसित भारत' की थीम पर आयोजित राष्ट्रीय जम्बूरी का आयोजन भारत स्काउट्स और गाइड्स के 75वें हीरक जयंती समारोह का ग्रैंड फिनाले भी है। जम्बूरी का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के स्काउट्स एंड गाइड्स 35 प्रमुख गतिविधियों में व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से प्रतिभाग करेंगे और अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस कार्यक्रम में राज्य के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी 26 नवम्बर को विशेष रूप से शामिल होंगे। इस अवसर पर उन्हें स्काउट एंड गाइड आंदोलन में उनके उत्कृष्ट योगदान, नेतृत्व एवं सेवा भाव के लिए संगठन के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'सिल्वर एलीफेंट अवार्ड' से अलंकृत किया जाएगा।

प्लान तैयार करने के निर्देश

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने जापान अंतर्राष्ट्रीय सहयोग ऐजेंसी–जाइका परियोजना का वित्तीय एवं भौतिक प्लान तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने यह निर्देश जाइका से वित्त पोषित उत्तराखण्ड एकीकृत उद्यान विकास परियोजना की उच्च स्तरीय/संचालन समिति की बैठक में दिए। मुख्य सचिव ने वरिष्ठ अधिकारियों को योजना का फीडबैक लेने के लिए लगातार जनपदों का दौरे करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि अन्य विभागों की फल एवं सब्जियों से जुड़ी आजीविका की योजनाओं को भी इसमें शामिल किया जाए। वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए वार्षिक कार्ययोजना जनवरी माह तक पूर्ण किए जाने के निर्देश भी उन्होंने दिए। कहा कि निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण हो सकें इसके लिए जनपदों के लिए भी लक्ष्य निर्धारित किए जाएं। संपूर्ण प्रोजेक्ट का वर्षवार लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्लान तैयार किया जाए।

पीएमश्री स्कूल

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने पीएमश्री स्कूलों में कम्प्यूटर लैब एवं पुस्तकालयों की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कम्प्यूटर लैब अगले एक माह में स्थापित की जाए। यह निर्देश मुख्य सचिव पीएमश्री स्कूलों की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में पुस्तकालयों के लिए शीघ्र बजट आवंटित किया जाए। 32 पीएमश्री स्कूलों में एकीकृत विज्ञान प्रयोगशालाओं की स्थापना में भी तेजी लायी जाए। उन्होंने टिंकरिंग लैब शीघ्र उपलब्ध कराए जाने के लिए आईआईटी कानपुर से लगातार संवाद कर निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य को पूर्ण कराए जाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक के दौरान बताया गया कि प्रदेश में 226 विद्यालयों को पीएमश्री विद्यालयों के रूप में चुना गया है। इसमें 34 प्राथमिक एवं 192 माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। इसके साथ ही 15 और अन्य विद्यालयों को स्वीकृति मिली है। बताया गया कि पीएमश्री के 22 कम्पोनेंट्स में से 16 को शत प्रतिशत लागू कर लिया गया है। बाकि 6 कम्पोनेंट्स का कार्य विभिन्न चरणों में गतिमान है।

अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

गोवा में आयोजित 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के अन्तर्गत वेव्स फिल्म बाजार में उत्तराखंड पवेलियन फिल्म निर्माताओं और निर्देशकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय ने बताया कि उत्तराखंड पवेलियन में देश–विदेश के फिल्म निर्माता और निर्देशकों ने राज्य की फिल्म नीति के बारे में जानकारी ली। बंगाली, तमिल, मलयालम, गुजराती, मराठी आदि भाषाओं के फिल्म निर्माताओं ने भी यहां फिल्मों की शूटिंग में रुचि दिखाई। उन्होंने राज्य सरकार के सहयोग एवं सुविधाओं की सराहना की। कई विदेशी फिल्म निर्माता और निर्देशकों ने उत्तराखंड में शूटिंग करने पर सहमति प्रदान की है। फिल्म बाजार में वर्ष 2026 में होने वाली राजजात यात्रा के बारे में भी फिल्म निर्माताओं को जानकारी दी गई, जिसमें कई विदेशी फिल्म मेकर ने डॉक्यूमेंट्री शूट करने की बात कही। डॉ उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों का ही परिणाम है कि आज उत्तराखंड की फिल्म नीति की सराहना देश दुनिया में हो रही है। उत्तराखंड पवेलियन में ऑस्ट्रेलियन फिल्म मेकर सुवीं ग्राहम ने बताया कि आगामी फरवरी माह में वे उत्तराखंड भ्रमण कर शूटिंग लोकेशन देखने आएंगी। अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माता आरफी लांबा ने भी राज्य की फिल्म नीति की सराहना की। कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि विदेशी फिल्म निर्माताओं को उत्तराखंड लाया जाय।

एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर......

टिहरी में बस दुर्घटना की खबर को सभी समाचारों पत्रों ने मुख्य पृष्ठ पर प्रकाशित किया है। अमर उजाला का शीर्षक है टिहरी में श्रद्धालुओं की बस खाई में गिरी, पांच की मौत, 12 घायल, कुंजापुरी से दर्शन कर लौट रहे थे तीर्थयात्री।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने उच्चतम न्यायालय के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। इस खबर को सभी प्रमुख समाचार पत्रों में स्थान मिला है।

उपनल कर्मियों के अनशन की खबर पर दैनिक जागरण लिखता है–जारी नही हुआ शासनादेश, अनशन पर उपनल कर्मी। वहीं अमर उजाला में छपी खबर के अनुसार उपनल कर्मियों ने शुरू किया आमरण अनशन, कर्मचारी बोले सैनिक कल्याण मंत्री से आश्वासन मिला पर आगे नहीं बढ़ी बात।

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन के हवाले से दैनिक जागरण की खबर है–32 पीएम श्री विद्यालयों में बनेगी एकीकृ त लैब।